# पाठ 20

# राष्ट्र प्रहरी

**आइए सीखें:–** • भारतीय सेना के तीनों अंगों का परिचय। • देशप्रेम की भावना जाग्रत करना। • प्रत्यय तथा उपसर्ग का व्यावहारिक ज्ञान। • संज्ञा सर्वनाम • क्रिया विशेषण • वचन • वाक्य रचना, विशेषण शब्द से संज्ञा शब्द बनाना

अक्षय दूरदर्शन पर 26जनवरी की परेड देख रहा था। जैसे ही थलसेना की टुकड़ी के सैनिक अपनी वर्दी में कदम मिलाते हुए आगे आए, अक्षय की आँखें चमक उठीं। कतारों में चलते घोड़ों और ऊँटों पर बैठे सैनिकों की शान ही निराली थी। अक्षय को एक के पीछे एक आती हुई सेना के सभी अंगों की टुकड़ियाँ आकर्षित कर रही थीं। वह सोचने लगा– मैं बड़ा होकर क्या बनूँगा? क्या मैं भी ऐसी वर्दी पहन कर शान से परेड में भाग ले सकूँगा? अक्षय मन ही मन एक संकल्प कर बैठा।

दूसरे दिन अक्षय ने पुस्तकालय से ''भारतीय सेना'' पर एक पुस्तक पढ़ने के लिए ली। घर आते ही वह पुस्तक पढ़ने लगा–

किसी भी देश की सीमाओं की सुरक्षा का दायित्व उसकी सेना पर होता है। भारतीय सेना के तीन अंग हैं– थलसेना, वायुसेना और नौसेना। नौसेना का अर्थ है– जलसेना। थलसेना के सैनिक भूमि अथवा थल पर युद्ध करते हैं। थलसेना में सैनिकों की संख्या सबसे अधिक होती है। एक तरफ हिमालय की ठिठुराने वाली सर्दी और दूसरी तरफ रेगिस्तान की शरीर को झुलसा देनेवाली गर्मी। रेत के तूफानों की परवाह न करते हुए सेना के वीर सिपाही हरदम चौकस रहकर अपने देश की सीमाओं की रक्षा करते हैं। थल सैनिकों की वर्दी का रंग गहरा हरा होता है जो उन्हें पेड़–पौधों में छिपकर शत्रुओं की गतिविधियों का पता लगाने में सहायक होता है।



वायुसेना युद्ध के समय हवाई हमलों से देश की रक्षा करती है और थलसेना को आगे बढ़ने में मदद देती है। साथ ही शत्रुओं के ठिकानों और विमानों पर आक्रमण कर शत्रु–पक्ष की ताकत को कम कर देती हैं। वायुसेना, नौसेना की भी सहायता करती हैं। दुर्गम स्थानों में युद्ध कर रहे थल सैनिकों को रसद और अन्य सहायता पहुँचाने का काम भी वायुसेना करती है। घायलों को अस्पताल तक ले जाने तथा संकट में घिरे

**शिक्षण संकेत–** • सेना एवं सेना के तीनों अंगों की विस्तृत जानकारी दें। वीरता से सम्बन्धित प्रेरक प्रसंग बच्चों को सुनाएँ। एक अच्छे सैनिक के गुणों की चर्चा बच्चों से करें। सेना में भर्ती होने के लिए आवश्यक योग्यताओं की जानकारी बच्चों को दे।



नागरिकों को सुरक्षित स्थानों तक पहुँचाने में भी वायुसेना महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। नीली वर्दी में सजे वायुसेना के सैनिक हरदम सजग और सतर्क रहते हैं।

हमारे देश की नौसेना देश के समुद्री तटों और समुद्री सीमाओं की रक्षा करती है। नौसैनिक समुद्री लड़ाई में कुशल होते हैं और जल की सतह और गहराई–दोनों में प्रहार करने में सक्षम होते हैं। नौसेना के सैनिकों की वर्दी का रंग सफ़ेद होता हैं।

सेना के इन तीन प्रमुख अंगों की सहायता के लिए और भी महत्वपूर्ण इकाइयाँ होती हैं, जो युद्ध के हथियार, विभिन्न उपकरण, रसद, दवाइयाँ, कपड़े इत्यादि एक स्थान से दूसरे स्थान तक भेजती हैं। युद्ध के समय इनकी चुस्ती और फुर्ती देखते ही बनती है। सेना को ये किसी तरह की कोई कमी महसूस नहीं होने देतीं।

भारतीय सैनिक बहादुरी के लिए जितने विख्यात हैं, अपनी अनुशासनप्रियता के लिए भी उतने ही सराहनीय हैं। सैनिकों के इस अनुशासन से उनके हर काम में गति और लय आ जाती है। जब वे समूह में चलते हैं तो उनका चलना भी देखने योग्य होता है। एक अच्छे सैनिक के गुण हैं–देशभक्ति, सजगता, साहस धैर्य और अनुशासन। भारतीय सैनिक में ये गुण कूट–कूट कर भरे हैं। यही नहीं बाढ़, तूफान, भूकम्प और सूखा आदि प्राकृतिक विपदाओं के समय वे जिस प्रकार जनता की सहायता करते हैं, इससे उनकी सेवा भावना का भी परिचय मिलता है।

थलसेना, वायुसेना और नौसेना–इन तीनों अंगों के अपने–अपने प्रशिक्षण विद्यालय हैं, जहाँ देश के चुने हुए नवयुवकों तथा नवयुवतियों को प्रशिक्षित किया जाता है। इन विद्यालयों के कठोर अनुशासन के वातावरण में प्रशिक्षित होकर ये युवक और युवतियाँ हमारे देश की सेवाओं का गौरव बढ़ाते हैं।

भारतीय सेनाएँ सभी प्रकार के आधुनिकतम हथियारों से सुसज्जित हैं और सभी प्रकार की परिस्थितियों से निपटने में पूर्णतया सक्षम हैं। हमारे देश के राष्ट्रपति सेना के तीनों अंगों के सर्वोच्च अध्यक्ष हैं। प्रतिवर्ष भारत सरकार वीरतापूर्ण और साहसिक कार्यों के लिए सैनिकों को विशिष्ट पदकों से सम्मानित करती है। केवल पुरुष ही नहीं महिलाएँ भी सेना के विभिन्न पदों पर कार्यरत हैं। यह हमारे लिए गर्व की बात है।



अक्षय पुस्तक पर हाथ रखे हुए कुछ सोचने लगा। उसकी आँखों के सामने 26जनवरी का वह दृश्य घूमने लगा जिसमें वह भी सैनिक वर्दी पहने राष्ट्रपति को सलामी दे रहा है।




**बोध प्रश्न**

**1. निम्नांकित शब्दों के अर्थ पुस्तक में दिए शब्दकोश से खोजकर लिखिए-**

| | | | |
|---|---|---|---|
| आकर्षित करना- | ............... | विख्यात- | ..................... |
| संकल्प- | ............... | सतर्क- | ..................... |
| दुर्गम- | ............... | विपदा- | ..................... |
| सजग- | ............... | धैर्य- | ..................... |

**2. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर संक्षिप्त में लिखिए-**

(क) भारतीय सेना के तीनों अंगों के नाम लिखिए?

(ख) भारतीय सेना के तीनों अंगों का सर्वोच्च अध्यक्ष कौन होता है?

(ग) नौसेना का क्या अर्थ है, और युद्ध के समय वह क्या-क्या कार्य करती हैं?

(घ) थल सेना की वर्दी का रंग हरा क्यों होता है?

(ङ) भारत सरकार सैनिकों को विशिष्ट पदकों से कब सम्मानित करती है।

**3. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए-**

क) भारतीय सैनिकों में कौन-कौन से गुण होते हैं?

ख) वायुसेना के कार्य लिखिए?

ग) सेना के तीनों अंगों के सैनिकों को किस प्रकार प्रशिक्षत किया जाता है?

घ) सेना किस प्रकार देश की सेवा करती है?

**4. कोष्ठक में दिये गए शब्द का सही रूप रिक्त स्थान में भरिए।**


1. नौसना ....................तटों की रक्षा करती है। (समुद्र/समुद्री)
2. .................... सेना के तीन प्रमुख अंग है (भारतीय/भारत)
3. हमारे देश के सैनिक अपनी.................के लिए प्रसिद्ध हैं। (बहादुर/बहादुरी)
4. वीर सैनिक बड़ी ....................से देश की सीमाओं की रक्षा करते हैं। (सजग/सजगता)
5. सैनिकों का अनुशासन .......................है (सराहनीय/सराहना)


**प्रश्न 5 नीचे चौखाने में दिए गए विशेषण शब्दों को संज्ञा शब्दों में बदल कर लिखिए-**

| विशेषण | संज्ञा शब्द | विशेषण शब्द | संज्ञा शब्द |
|---|---|---|---|
| गहरा | गहराई | सतर्क | ................ |
| साहस | ............. | कुशल | ................. |
| जागरूक | ............. | आकर्षण | ................. |
| सम्मान | ............ | | ................. |

## भाषा अध्ययन

1. निम्नलिखित उदाहरण के अनुसार 'सेना' और 'भावना' के पूर्व शब्द जोड़कर नया शब्द बनाइए




2. तालिका में दिए गए उदाहरण के अनुसार मूल शब्दों में प्रत्यय जोड़कर नए शब्द बनाइए-

| मूल शब्द | प्रत्यय | नए शब्द | मूल शब्द | प्रत्यय | नए शब्द |
|---|---|---|---|---|---|
| सेना | इक | सैनिक | राष्ट्र | ईय | राष्ट्रीय |
| प्रकृति | इक | ........ | भारत | ईय | ......... |
| साहस | इक | ........ | बहादुर | ई | बहादुरी |
| सम्मान | इत | सम्मानित | गरीब | ई | ........... |

3. नीचे दी गई तालिका में उदाहरण के अनुसार वचन परिवर्तन कीजिए-

| एक वचन | बहुवचन | एक वचन | बहुवचन |
|---|---|---|---|
| टुकड़ी | टुकड़ियाँ | घोड़ा | घोड़ों |
| लड़की | ........... | आँख | ........... |
| कतार | ........... | सीमा | .......... |
| विपदा | .......... | बहू | ......... |

4. **निम्नलिखित शब्दों में उपसर्ग प्रत्यय जुड़े हुए हैं इनमें से उपसर्ग और प्रत्यय अलग-अलग करके लिखिए-**

| शब्द | मूल | उपसर्ग | प्रत्यय |
|---|---|---|---|
| सुरक्षित | रक्षा | सु | इत |
| प्रशिक्षित | ........ | ........... | .......... |
| सजगता | ......... | ............ | ............ |
| आकर्षित | ......... | ........... | ............. |

5. **शब्दों को उचित क्रम में रखकर वाक्य बनाइए-**

(क) देख रहा था अक्षय परेड 26जनवरी को दूरदर्शन पर

(ख) निराली थी शान ही घोड़े और ऊँटों की कतारों में चलते पर बैठे सैनिकों की

(ग) कर बैठा संकल्प एक अक्षय मन-ही-मन।

(घ) होती है सबसे अधिक संख्या सैनिकों की थल सेना में।

6. **निम्नलिखित वाक्यों में से संज्ञा, सर्वनाम, विशेषण और क्रिया छाँटकर तालिका में लिखिए-**

(अ) उसने पुस्तकालय से भारतीय सेना पर एक पुस्तक पढ़ने के लिए ली।

(आ) थल सेना के सैनिक भूमि अथवा थल पर युद्ध करते हैं।

(इ) सेना के तीनों अंगों के अपने-अपने प्रशिक्षण विद्यालय है।

| संज्ञा | सर्वनाम | विशेषण | क्रिया |
|---|---|---|---|
| | | | |

## योग्यता विस्तार

1. देश सेवा, राष्ट्रीय भावना से ओत-प्रोत कविता किसी पुस्तक से छाँटकर याद कीजिए तथा सुनाइए।
2. विभिन्न पदकों तथा उन्हें प्राप्त करने वाले सैनिकों की सूची बनाइए?
3. 'राष्ट्र के प्रहरी' सेना में भर्ती हुए बिना भी बन सकते हैं। यदि हाँ तो कैसे?